देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

शानदार 30वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

दिसंबर-2023

न्यूज़ मैग्जीन

मूल्य ₹25

**Website: www.nationalsportstimes.org** स्पोर्ट्स वेब पोर्टल



## चैंपियनों की तरह खेला भारत

आईसीसी विश्व कप क्रिकेट विशेषांक अंतिम

**पैसे का जोर** और टीम बेहतर बनाने की तैयारी शुरू

**पंकज अडवाणी** ने रिकार्ड 27वां विश्व खिताब जीता

क्रिकेट के देवदूत **राहुल द्रविड़**

**आंकड़ों** की नजर में विश्व कप-2023

**विश्व कप** देखने जमकर उमड़े रिकार्ड दर्शक

टीम इंडिया जो 46 में से 45 दिन विश्व कप पर हावी रहे, पर विश्व कप नहीं जीत पाए **ऐसा क्यों हुआ?**



## एक विश्व कप जो भव्य आयोजन और अद्भुत क्रिकेट के लिए खास बन गया

**50 शतक**



## ऑस्ट्रेलिया 6वीं बार विश्व चैंपियन

आरएनआई नंबर: 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2021-23 /1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2021-23

■ वर्ष-30 ■ अंक-6 ■ क्रमांक-277 ■ दिसंबर-2023 ■ मूल्य-25 रूपये

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| कार्यकारी संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | निखिल कुमार |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहारे |
| छायाकार | : | निर्मल व्यास |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- समीर मिरीकर
- अरुण भगोलीवाल
- सुशील सिंह ठाकुर
- आशीष पाण्डे
- राजीव सक्सेना
- शांति कुमार जैन
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

अरुण अर्णव, अनिल वर्मा, हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मो. ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, संजय बेनर्जी, अमरनाथ, मो. अफरोज।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



12 वनडे विश्व कप 2023

# चैंपियनों की तरह खेला भारत

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| क्या रोहित शर्मा टी-20 विश्वकप खेलेंगे ? | 05 |
| कार्टून का पन्ना | 06 |
| न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने लिया बदला | 17 |
| मैच देखने जमकर उमड़े रिकार्ड दर्शक | 19 |
| विश्व कप के संक्षिप्त स्कोर बोर्ड | 22-24 |
| विश्व कप फार्मेट के साइड इफेक्ट | 25 |
| मोहम्मद शमी की धारदार गेंदबाजी | 31 |
| विश्व कप के कुछ खास रिकार्ड | 35 |
| पाक में हार से हाहाकार | 34 |
| नीदरलैंड की अब उड़ान की तैयारी | 35 |
| भारत का विदेशी दौरा | 40 |
| पंकज अडवाणी ने 27वां विश्व खिताब जीता | 48 |

**Website: www.nationalsportstimes.org**

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

आज ही अपनी प्रति बुक कराएं...







नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

घर बैठे कैसे पाएं

आपको सिर्फ इतना करना है कि आप इस कूपन को भरकर भेजें और नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खुद चलकर आपके घर दस्तक देगा।

मैं ................................ नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स का वार्षिक सदस्य बनना चाहता/चाहती हूं। वार्षिक शुल्क 300 रुपए, दो वर्ष के लिए 600 रुपए (50 रुपए की छूट), तीन वर्ष के लिए 900 रुपए (80 रुपए की छूट), पांच वर्ष के लिए 1500 रुपए (100 रुपए की छूट) एवं आजीवन सदस्यता 15,000 रुपए मनीआर्डर या नगद ................ से भेज रहा हूं।

पूरा पता ................................................................

................................................................

मो. ......................... ईमेल.........................

नोटः *मनीऑर्डर या नगद राशि नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के नाम से भेजें। *आपकी सदस्यता राशि प्राप्त होने के अगले माह से पत्रिका के अंक नियमित रूप से भिजवाए जाएंगे। *पत्रिका केवल डाक द्वारा ही भेजी जाएगी। *किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

पत्रिका प्राप्त करने के लिए इस पते पर संपर्क करें: ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंस, जेके रोड, भोपाल-462023 (मप्र)

E-Mail: nationalsportstimes@yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोन: 0755-4218892, मोबाइल: 09425025727



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# क्या बतौर कप्तान रोहित शर्मा टी-20 विश्वकप खेलेंगे?

वनडे विश्वकप-2023 के फाइनल हार की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा सिर पर आ गया। दौरे के लिए बीसीसीआई ने टी20 सीरिज के लिए सूर्यकुमार, वनडे के लिए के.एल. राहुल और टेस्ट के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाते हुए टीम इंडिया की लाइन में खड़े अधिकतर युवा खिलाड़ियों को तीनों प्रोरूपों की टीमों में चुनकर बड़ा मौका दिया है। यानि कि इस दौर पर रोहित शर्मा और विराट कोहली सफेद गेंद की सीरिज में नहीं खेलेंगे। लेकिन दोनों के जून-2024 में वेस्टइंडीज, अमेरिका में होने वाले टी20 विश्वकप में खेले जाने के कयास पूरे लगाए जा रहे हैं। बातें यह भी सामने आ रही है कि वनडे विश्वकप फाइनल हार के बाद एक बार फिर टी20 विश्वकप में रोहित शर्मा कप्तानी करते नजर आ सकते हैं। रोहित ने वनडे विश्वकप में कप्तानी और आतिशी बल्लेबाजी में कोई कसर नहीं छोड़ी है, इसलिए वे 2024 में फिर से विश्वकप खेले सकते हैं एक कप्तान के रूप में। वैसे भी रोहित के बल्लबाजी की शैली तूफानी और आकर्षक है। आज भी वे किसी तेजतर्रार युवा बल्लेबाज से कम नहीं है। हाल ही में सौरव गांगुली का बयान आया कि रोहित एक धाकड़ बल्लेबाज हैं और वे टी20 विश्वकप 2024 में फिर भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। रोहित को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। विराट कोहली को भी आप विश्वकप में बल्लेबाजी करते हुए देखेंगे। इन दोनों अनुभवी बल्लेबाजों के खेलने से भारतीय टीम पूरी तरह मजबूत होगी। इस बात का फैसला आईपीएल के बाद हो सकता है। रोहित को दक्षिण अफ्रीका के दौरे के लिए भी कप्तानी करने की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने फिलहाल के लिए इससे दूरी बना ली है।

10 दिसंबर से शुरू हो रहे दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 में सूर्यकुमार यादव, वनडे में केएल राहुल कप्तानी करते दिखेंगे। वहीं, टेस्ट में रोहित और विराट वापसी करेंगे। अगर रोहित टी20 में खेलने का फैसला करते हैं तो हार्दिक पांड्या अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में टी20 कप्तानी के लिए स्वाभाविक पसंद नहीं होंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि रोहित को टी20 कप्तानी की पेशकश की गई है, लेकिन वह छुट्टियों पर ब्रिटेन में हैं और चार महीने के व्यस्त सत्र के बाद ब्रेक चाहते हैं। लेकिन कप्तान के रूप में उनके मन में ड्रेसिंग रूम के लिए सर्वोच्च सम्मान है और अगर वह टी20 विश्व कप में भारत का नेतृत्व करने के लिए सहमत होते हैं, तो वह नेतृत्व करेंगे।




टी20 विश्व कप 2022 के बाद रोहित सबसे छोटे प्रारूप में खेलने के लिए अनिच्छुक थे क्योंकि उन्होंने 50 ओवर के क्रिकेट और विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करना था। हालांकि, टी20 विश्व कप में रोहित वापसी कर सकते हैं, क्योंकि हार्दिक के समय समय पर चोटिल होने की समस्या ने चयनकर्ताओं के मन में संदेह बना रखा है। साथ ही हार्दिक की जिस तरह से मुंबई में वापसी हुई है, उसमें रोहित की भूमिका रही होगी। ऐसे में अगर रोहित वापसी करते हैं और उन्हें कप्तानी सौंपी जाती है तो इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होगा। हालांकि, इसका फैसला सीधे-सीधे आईपीएल में हो सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि हार्दिक अगले आईपीएल सीजन में कप्तानी करते हैं या रोहित के अंडर खेलते हैं। अगर हार्दिक कप्तानी करते हैं और रोहित उनके अंदर खेलते हैं तो बात साफ हो जाएगी कि रोहित विश्व कप में भी उनके अंडर खेलने के लिए तैयार हो सकते हैं या फिर रोहित वापसी नहीं करेंगे।

अगर रोहित ही अगले सीजन में कप्तानी करते हैं तो इस बात की पूरी संभावना रहेगी कि वह टी20 विश्व कप में वापसी करेंगे। इतना ही नहीं भारत को टी20 विश्व कप से पहले आठ से ज्यादा टी20 खेलने हैं। वनडे में भी रोहित टी20 विश्व कप के बाद वापसी करते हुए दिख सकते हैं। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी तक रोहित और विराट के वनडे में खेलने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बतौर बल्लेबाज वनडे विश्व कप 2023 में जो सफर रहा वह बेहद शानदार रहा। रोहित शर्मा फाइनल मैच में बेशक 47 रन पर ही आउट हो गए, लेकिन ओवरऑल इस सीजन में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। रोहित शर्मा ने इस सीजन में सिर्फ एक ही शतक लगाने में सफलता हासिल की, लेकिन उन्होंने हर मैच में टीम की हित को देखते हुए बल्लेबाजी की जिससे भारत को फायदा मिला। इस सीजन में रोहित शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी के दौरान कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए।

विश्व कप 2023 में बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 11 मैचों की 11 पारियों में 54.25 की अच्छी औसत के साथ 597 रन बनाए। इस दौरान रोहित शर्मा ने एक शतक और 3 अर्धशतक लगाए और बेस्ट स्कोर 131 रन रहा। रोहित शर्मा ने इस सीजन में 11 मैचों में 66 चौके और 31 छक्के लगाए। इस सीजन में रोहित शर्मा एक बार डक पर भी आउट हुए। रोहित शर्मा ने इस विश्व कप में कुल 31 छक्के लगाए और वह विश्व कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने तो वहीं वह विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। रोहित शर्मा ने इस सीजन में कुल 597 रन बनाए और वह वनडे विश्व कप के एक सीजन में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। रोहित शर्मा भारत की तरफ से वनडे विश्व कप फाइनल में कप्तानी करने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान भी बने और उन्होंने सौरव गांगुली को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा वनडे प्रारूप में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के बनाने वाले बल्लेबाज इस विश्व कप के दौरान ही बने। रोहित अगर टी20 विश्व कप खेलते हैं तो उम्र जरूर उनके आड़े आएगी, लेकिन भारतीय टीम को एक विस्फोटक व अनुभवी ओपनर, शांत कप्तान जरूर मिल सकता है। रोहित विश्व कप खेलेंगे या नहीं यह उन्हें और बीसीसीआई को मिलकर तय करना होगा।





वीरेन्द्र कुमार ओगले
खेल कार्टूनिस्ट





# एक विश्व कप जो भव्य आयोजन और अद्भुत क्रिकेट के लिए खास बन गया



चरनपाल सिंह सोबती
खेल समीक्षक

विश्व कप, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान भारत को हराकर जीता और अब तक 6 बार ये खिताब जीत कर वे अन्य सभी टीम से बहुत आगे निकल गए हैं। क्रिकेट की विश्व संस्था आईसीसी के अनुसार विश्व कप 2023 के दौरान रिकॉर्ड 12.5 लाख (कुल 1,250,307) दर्शकों ने स्टेडियम में मैच देखे और ये इस बड़े आयोजन के लिए, दर्शकों की गिनती का एक नया रिकॉर्ड है- ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2015 विश्व कप में बना 10.16 लाख (कुल 1,016,420) दर्शक का पिछला रिकॉर्ड अब टूट चुका है। ये तो तब है जबकि शुरुआती मैचों में स्टेडियम में कई खाली सीट का मसला खूब चर्चा में रहा। महत्व इस गिनती का तो है ही- ये गिनती इस बात का सबूत भी है कि विश्व कप 2023 का आयोजन कितना सफल रहा? इंग्लैंड और वेल्स में 2019 विश्व कप को 752,000 दर्शकों ने देखा था।

**विश्व कप एकदिवसीय के लिए एक लाइफ लाइन :** इस बात को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते कि ये विश्व कप ऐसे दौर में खेला जबकि एकदिवसीय खेलने पर ही सवालिया निशान लगा हुआ है और ये भी डर था कि शायद 50 ओवर क्रिकेट का आख़िरी विश्व कप देख रहे हैं। उस नजरिए से ये विश्व कप एकदिवसीय के लिए एक लाइफ लाइन बन कर आया।

सिर्फ दर्शकों की गिनती ही रिकॉर्ड नहीं रही- टूर्नामेंट ने कई ब्रॉडकास्ट और डिजिटल दर्शकों की गिनती के रिकॉर्ड भी तोड़ दिए हैं। इस तरह यह एक ऐसा आयोजन रहा है जिसने न सिर्फ मनोरंजन किया, विश्व स्तर पर क्रिकेट चाहने वालों को एकदिवसीय न रोकने की मुहिम में भी इकट्ठा किया। अकेले भारत-ऑस्ट्रेलिया रोमांचक फाइनल के दौरान ही स्टेडियम में 90,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में।



अगर दर्शक स्टेडियम आए और वह भी उस दौर में जबकि स्टेडियम में मैच देखना लगातार कम होता जा रहा है- ये इस बात का सबूत है कि बेहतर और रोमांचक क्रिकेट खेली गई मैचों में।भारत में खेले 2023 विश्व कप को एक ऐसे टूर्नामेंट के तौर पर देखा गया जो जो एकदिवसीय क्रिकेट को उसके मौजूदा संकट से निकाल सकता है। टूर्नामेंट ने धीरे-धीरे रफ़्तार पकड़ी और देश भर में खेले गए मैचों में भीड़ उमड़ने लगी हालांकि हर मैच भारत ने नहीं खेला।

**मैचों का रोमांच कमाल का :** अफगानिस्तान ने पिछले तीन विश्व कप चैंपियन को हराया। क्वालीफायर में 2 बार के चैंपियन वेस्टइंडीज को नीदरलैंड, स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे ने हराया था। ऐसे रिकॉर्ड बनेंगे ये तो किसी ने सोचा भी न था। भारत ने भले ही खिताब न जीता पर यह वह टीम थी जो ग्राउंड में और ग्राउंड के बाहर सबसे ज्यादा चर्चा में

रही। लगातार 10 मैच जीतना किसी आश्चर्यजनक उपलब्धि से कम नहीं- आश्चर्यजनक तो ये रहा कि इस फार्म के बावजूद भारत ने खिताब न जीता।

**एक और मजेदार बात ये है कि विश्व कप के बीच एक और टूर्नामेंट भी खेला जा रहा था–** टॉप 8 टीम में रहने का। आईसीसी ने विश्व कप शुरू होते ही सभी को याद दिलाया कि इस विश्व कप की टॉप 8 टीम सीधे अगली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। इनमें से अगर मेजबान पाकिस्तान को गिनती से हटा दें तो 7 टीम का नाम इसी विश्व कप के प्रदर्शन से सामने आना था- इस तरह एक मुकाबला शुरू हो गया टॉप 8 में बने रहने का।

**बहुत कुछ ख़ास भी विश्व कप के आखिरी दिनों में देखने को मिला :** न्यूजीलैंड के विरुद्ध मैच में 400 से ज्यादा रन देने के बावजूद पाकिस्तान की टीम जीत गई, 2019 के चैंपियन इंग्लैंड इस बार बिना किसी ख़ास मुकाबले के बाहर हो गए, विराट कोहली ने अपने जन्मदिन पर एकदिवसीय में सबसे ज्यादा शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की, एंजेलो मैथ्यूज ऐसे पहले खिलाड़ी बने जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट हुए और ग्लेन मैक्सवेल ने एक ऐसा दोहरा शतक बनाया जिसे एकदिवसीय की सबसे अद्भुत पारी में से एक गिन रहे हैं।

कई और भी ख़ास बातें देखने को मिलीं। 1992 और 2019 के दोनों विश्व कप भी लीग फॉर्मेट में खेले थे और उन दोनों टूर्नामेंटों में कप जीतने वाली टीम वह थी जो 3 लीग मैच हार गई थी। इस बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 2 मैच हारे। सबसे ख़ास बात ये कि न्यूजीलैंड की टीम 4 मैच हारकर भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई यानि कि जब नॉक आउट राउंड शुरू हुआ तो वे भी विश्व कप को जीतने के उतने ही दावेदार थे जितना कि अन्य कोई भी टीम। विश्व कप में ये भी पहली बार हुआ कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीम ने कम से कम 2 मैच जीते। 2019 चैंपियन इंग्लैंड इस लिस्ट में शामिल होने वाली आखिरी टीम थी।

**अद्भुत संयोग का विश्व कप :** ये मानना पड़ेगा कि विश्व कप के बीच में ही ऐसा लग रहा था कि भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया बाकी टीम से आगे निकल जाएंगे और सेमीफाइनल खेलेंगे। हालांकि, कुछ उलटफेर हुए और कुछ रोमांचक व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने टूर्नामेंट में मसाला डाल दिया पर आख़िरी रिकॉर्ड यही रहा। फिर भी रोमांच बना रहा और लीग राउंड के आखिरी हफ्ते के शुरू होने से पहले, सेमीफाइनल की दौड़ में 2 जगह अभी भी खाली थीं। अफगानिस्तान भी दावेदार था पर ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय में सबसे अद्भुत पारी खेली, नाबाद 201 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट पर 91 रन से उबरने में मदद की। उधर पुणे में इंग्लैंड ने नीदरलैंड्स को 160 रन से हराया बेन स्टोक्स के शतक के दम पर और 7वें नंबर पर पहुंच गए और




**विराट कोहली बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : कोहली ने इस टूर्नामेंट में खेले 11 मैचों मे 3 शतक और 6 अर्धशतक की मदद से 765 रन बनाए और उनका बेस्ट स्कोर 117 रन रहा।**

सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

यह ऐसा पहला विश्व कप है जिसमें सेमीफाइनल टीम वही थीं जो पिछले किसी भी विश्व कप में देख चुके थे। 2015 में भी यही 4 टीम मुकाबले पर थीं। पिछले चैंपियन के हारकर बाहर होने का रिकॉर्ड और आगे बढ़ा : 1983- वेस्टइंडीज 1987- भारत, 1992- ऑस्ट्रेलिया, 1996- पाकिस्तान , 1999- श्रीलंका, 2011- ऑस्ट्रेलिया, 2015- भारत, 2019- ऑस्ट्रेलिया और अब 2023- इंग्लैंड अपने ख़िताब का बचाव करने में नाकामयाब रहे। एक बड़ी अद्भुत बात ये रही कि 48 मैच में से एक भी ऐसा मैच देखने को नहीं मिला जिसमें पूरे 100 ओवर फेंके गए हों। इस बार टॉस खूब चर्चा में रहे- अब तक कहते थे टॉस जीतने से टीम फायदे में रहती है पर इस बार तो लगभग 40% मैच ही टॉस जीतने वाली टीम ने जीते।

### भारत का विश्व कप पर प्रभुत्व

- **सर्वाधिक मैच जीतने वाली टीम :** भारत (10)
- **सर्वाधिक रन :** कोहली (765), रोहित शर्मा (597)
- **सर्वाधिक छक्के :** रोहित शर्मा (31), श्रेयस अय्यर (24)
- **सर्वाधिक विकेट :** मोहम्मद शमी (24)
- **सर्वश्रेष्ठ आंकड़े :** मोहम्मद शमी (7/57)
- **सर्वाधिक 5 विकेट :** मोहम्मद शमी (3)
- **सर्वाधिक मेडन :** जसप्रीत बुमराह (9)
- भारत सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम
- भारत फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

विदेशी मीडिया में भारत के आयोजन के बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है पर विश्व कप वास्तव में एक बड़ी सफलता रहा- अद्भुत क्रिकेट और एक बड़ा देश होने के बावजूद आयोजन में कोई गलती नहीं। विदेशी मीडिया हर मोड़ पर भ्रष्टाचार या साजिश की ख़बरों की तलाश में रहा। तब भी धर्मशाला में खराब आउटफील्ड की कहानियां, दिल्ली में वायु प्रदूषण और वानखेड़े में पिच जैसे मसले खूब उछले पर सच ये है कि इनमें से कुछ भी साजिश नहीं था। ये सब खेल और पूरी साल में फ़ैल चुके क्रिकेट कैलेंडर का हिस्सा है।

देखना है तो ये देखो कि इस पूरे टूर्नामेंट में भारत ने एक टीम या एक मेजबान के तौर पर क्रिकेट को क्या दिया? एक अद्भुत रिकॉर्ड/इतिहास को किसी ने भी नोट नहीं किया- ब्रिटेन में विश्व कप के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्काई स्पोर्ट्स ने यूके टेलीविजन पर इतिहास रचा और क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए हिंदी कमेंट्री भी पेश की। अपना हिंदी फ़ीड साझा करने के लिए स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक समझौता किया और मुंबई में मेजबान भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे सेमीफाइनल स्काई स्पोर्ट्स एरेना पर दिखाए गए। अहमदाबाद में फाइनल स्काई स्पोर्ट्स मिक्स पर हिंदी में भी ब्रॉडकास्ट हुआ। यह पहली बार हुआ जब यूके और आयरलैंड के क्रिकेट प्रेमी स्काई स्पोर्ट्स पर हिंदी में क्रिकेट कमेंट्री सुन सके।

मुंबई में भारत का सेमीफाइनल वानखेड़े स्टेडियम के अंदर और बाहर एक बड़ी घटना था। वीवीआईपी स्टैंड में डेविड बेकहम भी थे- एक ऐसा खेल देख रहे थे जिसमें उन्होंने पहले कभी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। प्रेस बॉक्स में अजीब नजारा था- सभी ने जोर-जोर से भारतीय राष्ट्रगान गाया, जब विराट कोहली ने अपना शतक पूरा किया तो जमकर तालियां बजाई और मजेदार बात ये कि प्रेस सीटों पर ऐसे लोग भी बैठे थे जिनके चेहरे पर रंग से बना था भारतीय झंडा। ऐसा नजारा पहले किसी विश्व कप में नहीं देखा था। फाइनल में खुद पीएम मोदी की मौजूदगी, एयर-शो, भव्य समारोह ये सभी भारत की प्रगति और पूरी दुनिया में खास जगह के प्रतीक थे।

**कुल मिलाकर खेले गए 48 मैचों में औसत उपस्थिति लगभग 26,000 थी- इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कई स्टेडियम में इतनी सीट भी नहीं हैं। ये क्रिकेट का भव्य आयोजन था।**